Code : 9098

B. Ed. (Sem. II) Examination Oct-2017

Course 7 a : HINDI METHOD

[Total Marks : 50 **Time : 2 Hours]**

१ प्रश्न के नीचे दिऐ गए विकल्पों में से सही विकल्प पसंद कर उत्तर दें । **१२**

(१.१) भारत के संविधान की ओर से हिन्दी को कैसा गौरव प्राप्त हुआ है ?
(A) **विश्वभाषा** (B) **प्रादेशिक भाषा** (C) **मातृभाषा** (D) **राष्ट्रभाषा**

(१.२) हिन्दी की सबसे बड़ी विशेषता क्या है ?
(A) **सरलता और व्यंजकता** (B) **संकुलता और सामाजिकता**
(C) **संकुचितता और ध्वन्यात्मकता** (D) **भावात्मकता और स्वाभाविकता**

(१.३) हिन्दी किस लिपि में लिखी जाती है ?
(A) **फारसी** (B) **देवनागरी** (C) **उर्दु** (D) **अरबी**

(१.४) भारत के संविधान में भारतीय संघ की राष्ट्रभाषा के रुप में हिन्दी को मान्यता कब दी गई है ?
(A) **14 सितम्बर, 1947** (B) **14 फरवरी, 1946**
(C) **14 सितम्बर, 1946** (D) **14 सितम्बर, 1948**

(१.५) प्रत्यक्ष विधि में शिक्षा की गति कुछ शिथिल होने का कारण क्या है ?
(A) **प्रश्नोत्तर और संभाषण** (B) **अभिनय की अधिकता**
(C) **द्रश्य-श्राव्य साधनों की अधिकता** (D) **मातृभाषा प्रयोग का निषेध**

(१.६) किस अध्यापन पद्धति में व्याकरण शिक्षा पर जोर दिया जाता है ?
(A) **प्रत्यक्ष विधि** (B) **परोक्ष विधि** (C) **प्रश्नोत्तर** (D) **सन्दर्भ कथन**

(१.७) शिक्षक को निश्चित दिशा का ज्ञान करानेवाला ध्रुवतारक किसे कहा गया है?
(A) **शिक्षक निदर्शिनी** (B) **स्वाध्याय पोथी**
(C) **पाठ योजना** (D) **पद्धति-प्रयुक्तियाँ**

(१.८) पाठ योजना के कौन से अंग में बालक को नए विषय के प्रति आकर्षित किया जाता है ?
(A) **विषय निरुपण** (B) **श्यामपट्ट कार्य** (C) **उद्देश्य** (D) **प्रारंभ**

(१.९) विषयवस्तु के मुद्दो का सीधा सम्बन्ध किस के साथ है ?
(A) **विशिष्ट उद्देश्य** (B) **सामान्य उद्देश्य**
(C) **विषयांग** (D) **पाठ योजना**

(१.१०) समान स्तर के अध्ययन अनुभवों के संकलन को क्या कहा जाता है ?
(A) **वार्षिक पाठ योजना** (B) **पाठ योजना**
(C) **दैनिक योजना** (D) **इकाई योजना**

(१.११) अर्थग्रहण के साथ सुनकर क्रिया में परिणित करनेंवाली क्रिया को क्या कहा जाता है ?
(A) **कथन** (B) **श्रवण** (C) **पठन** (D) **लेखन**

(१.१२) किस प्रकार के लेखन की शिक्षा में छात्रों के श्रवण कौशल्य का विकास होता है ?
(A) **वार्ता लेखन** (B) **रचनात्मक लेखन** (C) **श्रुत लेखन** (D) **अनुलेखन**

२ सही जोड बनाए : **०४**

विभाग A	**विभाग B**
(२.१) यात्रा के समय भिन्न प्रांत के लोगों का हिन्दी भाषा का उपयोग	(A) **शासकीय महत्व**
(२.२) हिन्दी को प्रशासन का माध्यम बनाना	(B) **राजकीय महत्व**
(२.३) राज्यों के बीच एकता स्थापित करने में हिन्दी का उपयोग	(C) **साहित्यिक महत्व**
(२.४) अन्य भाषाओं की श्रेष्ठ रचनाओं का हिन्दी अनुवाद	(D) **व्यावसायिक महत्व**

P. T. O.

www.mkbuonline.com

www.mkbuonline.com

३ प्रथम दो विभावना के बीच के संबंध को समजकर, दूसरी दो विभावना स्थापित हो इस प्रकार विकल्प पसंद करें : ०४

(३.१) परोक्ष विधि : मातृभाषा का माध्यम :: प्रत्यक्ष विधि : ?
- (A) भाषांतर की भरमार
- (B) तुलनात्मक अभ्यास
- (C) मातृभाषा का माध्यम
- (D) माध्यम के रुप में मातृभाषा का निषेध

(३.२) कथन : भाषा का वातावरण जमाने में महत्वपूर्ण :: प्रश्नोत्तर : ?
- (A) जाने-अन्जाने भाषा संस्कार का सिंचन
- (B) व्याकरण की परिभाषा स्पष्ट करने के लिए
- (C) विद्यार्थीयों को सचेत बनाए रखें
- (D) आसानी से रसास्वाद हो सके

(३.३) आगमन : विचारशक्ति का विकास :: निगमन : ?
- (A) तर्क आधारित निर्णय
- (B) उच्च कक्षा के विद्यार्थीयों को उपयोगी
- (C) मूर्त से अमूर्त
- (D) मनोवैज्ञानिक सिद्धांत आधारित

(३.४) सस्वर वाचन के उद्देश्य : उच्चारण संबंधी गलतियाँ दूर करना :: मौनवाचन के उद्देश्य : ?
- (A) बोधशक्ति का विकास
- (B) अभिव्यक्ति शक्ति का विकास
- (C) समजशक्ति का विकास
- (D) सूत्रात्मकता को बढ़ाना

४ निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के 200 शब्दों में उत्तर दीजिये । १०

(४.१) राष्ट्रभाषा के रुप में हिन्दी शिक्षा का महत्व स्पष्ट करें ।

(४.२) हिन्दी शिक्षा में प्रत्यक्ष एवम् परोक्ष पद्धति का स्वरुप दर्शाकर उनके लाभालाभ लिखिएं ।

(४.३) हिन्दी व्याकरण सिखाने के लिए आगमन और निगमन पद्धतियाँ का संमिश्रण क्यूँ किया जाता है ?

५ निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन के 100 शब्दों में उत्तर दीजिये । ०६

(५.१) इकाई योजना की संकल्पना स्पष्ट करें ।

(५.२) अनुलेखन किसे कहते है ?

(५.३) भाषा के चार अंगो में श्रवण अंग का अधिक महत्व क्यों है ?

(५.४) गद्य, पद्य और रचना के ज्ञानप्राप्ति के दो-दो विशिष्ट उद्देश्य लिखें ।

(५.५) काव्य शिक्षा में गान का महत्व क्या है ?

६ निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का समीक्षात्मक पृथक्करण के रुप में 200 शब्दों में उत्तर दीजिये । ०४

(६.१) "अहिन्दी भाषा क्षेत्रों में हिन्दी शिक्षा का महत्व क्या है ?" चर्चा करें ।

(६.२) मौखिक और मौनपठन के अन्तर को स्पष्ट कीजिए ।

७ निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही एक का 500 शब्दों में उत्तर लिखें । १०

(७.१) कथन कौशल्य के गुण-दोष दिखाकर उनके सुधार के उपाय लिखें।

(७.२) कक्षा 9 के किसी एक विषयांग पसंद करके निम्न लिखित सोपानों के लिए पाठ योजना तैयार करें ।

(i) शैक्षिक मुद्दे (ii) विषय निरुपण (iii) श्यामपट्ट नोंध

www.mkbuonline.com